I/83716/2022

**<u>मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 17.11.2022 को अपरान्ह् 05:00 बजे सम्पन्न हुई राज्य ब्रॉडबैण्ड समिति की बैठक का कार्यवृत्त</u>।**

**उपस्थितिः—बैठक में निम्नवत् अधिकारीगण उपस्थित रहेः—**

1. - श्री अमित कुमार सिन्हा, निदेशक, आई0टी0डी0ए0, देहरादून।
2. - श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, सचिव (प्रभारी), शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. - श्री देबकुमार चक्रबर्ती, सीनियर डी0डी0जी, यू0पी (वेस्ट), एल0एस0ए0, उत्तराखण्ड।
4. - श्री अरूण कुमार वर्मा, डी0डी0जी (एस0सी0) DoT, उत्तराखण्ड।
5. - श्री अशोक कुमार रावत, डी0डी0जी (आर0) DoT, उत्तराखण्ड।
6. - श्री पंकज पोरवाल, निदेशक, (आर0—02), DoT, उत्तराखण्ड।
7. - श्री विजय कुमार, निदेशक, (आर0—01), DoT, उत्तराखण्ड।
8. - श्री विशाल श्रीवास्तव, ए0डी0जी0 (सी0—01), DoT, उत्तराखण्ड।
9. - श्री आलोक रंजन, ए0डी0जी0 (आर0—01), DoT, उत्तराखण्ड।
10. - श्री शूरबीर सिंह तोमर, ए0डी0 (आर0), DoT, उत्तराखण्ड।
11. - श्री ओ0पी0 कनौजिया, जी0एम0 (सी0एम0), बी0एस0एन0एल0, उत्तराखण्ड।
12. - श्री सुमित गुप्ता, जी0एम0 (NoFN), बी0एस0एन0एल0, उत्तराखण्ड।
13. - श्री वाई0पी0 सिंह, मै0 रिलायन्स जियो।
14. - सुश्री, मीना बिष्ट, मै0 इण्डस टावर/डी0आई0पी0ए0।
15. - श्री अंकित द्विवेदी, ई0 एण्ड वाई0।
16. - श्री शिशिर, ई0 एण्ड वाई0।
17. - श्री ऐश्वर, ई0 एण्ड वाई0।

बैठक में उपस्थित अधिकारीगणों के मध्य हुये विचार—विमर्श के उपरान्त निम्नांकित निर्णय सर्वसम्मति से लिये गयेः—

1. राज्य के समस्त डार्क गाँवों को 4 G Saturation योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाय, जिस हेतु आई0टी0डी0ए0 द्वारा अपने स्तर से सत्यापित सूची 15 दिवस में दूर संचार विभाग से साझा कर ली जाय। पंचायती राज विभाग से भी डार्क गाँव की सूची 15 दिवस में प्राप्त करते हुये जनपदों से सत्यापन करा लिया जाय।

   **(कार्यवाही—आई0टी0डी0ए0, पंचायती राज विभाग, समस्त जिलाधिकारी)**

2. भारतनेट—1 परियोजना के अंतर्गत गाँवों में बिछायी गयी ऑप्टिकल फाइबर को दिनांक—31.12.2022 तक कार्यशील किये जाने एवं अवशेष 265 गाँवों में दिनांक—31.03.2023 तक ऑप्टिकल फाइबर बिछा कर कार्यशील किये जाने के सम्बन्ध में बी0एस0एन0एल0/बी0बी0एन0एल0 द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर ली जाय।

   **(कार्यवाही—बी0एस0एन0एल0)**

3. 4जी मोबाईल टावर स्थापित किये जाने के लिए 2000 वर्गफीट भूमि (वन भूमि के अतिरिक्त) बी0एस0एन0एल0 को निशुल्क भूमि आंवटित किये जाने के निर्णयों के क्रम में बी0एस0एन0एल0 के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह शीघ्ातिशीघ्र सम्बंधित जिलाधिकारी से संपर्क कर भूमि चयन व आवंटन की कार्यवाही पूर्ण करें ।

   **(कार्यवाही—बी0एस0एन0एल0)**

4. Ease of Doing Business के अंतर्गत आर0ओ0डब्ल्यू0 के लिए एकल खिड़की प्रणाली पर



Generated from eOffice by SEJAL GROVER, ARO(IT-1)-SG, ASSISTANT REVIEW OFFICER-IT-SEC-1, Information Technology Department on 15/12/2022 03:40 PM

I/83716/2022

पमेंट गेट–वे का एकीकरण माह के अन्त तक आई0टी0डी0ए0 द्वारा ई एण्ड वाई की टीम से करा लिया जाये। साथ ही उद्योग विभाग के अंतर्गत इज ऑफ डुईग बिजनेस हेतु आबद्ध ई एण्ड वाई की टीम द्वारा पी0एम0 गतिशक्ति पोर्टल पर स्ट्रीट फर्नीचर, बिजली के खंबों, सरकारी भवनों व बस स्टॉप आदि की GIS मैपिंग जल्दी कर ली जाये साथ ही 5G हेतु थोक में आर0ओ0डब्ल्यू0 अवेदनों का प्रावधान सम्बंधित पोर्टल पर कर लिया जाय।

**(कार्यवाही–आई0टी0डी0ए0, उद्योग विभाग/ई0 एण्ड वाई0)**

5. शहरी विकास विभाग के साथ आर0ओ0डब्ल्यू0 नियम अपनाने तथा आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी नियमावली पर एक समन्वय बैठक एक माह उपरांत मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में करा जी जाय।

**(कार्यवाही–आवास एवं शहरी विकास विभाग)**

6. डार्क गाँवों की सूची, आर0ओ0डब्ल्यू0 आवेदनों एवं सील किये गये मोबाईल टावरों के संबंध में सचिव आई0टी0 व निदेशक आई0टी0डी0ए0 समीक्षा करने के उपरांत आवश्यकतानुसार मुख्य सचिव के स्तर पर बैठक आहूत कर नियमित रूप से समीक्षा की जाय। साथ ही सील किये गये मोबाईल टावरों व ऐसे ही लंबित प्रकरणों का संगत आर0ओ0डब्ल्यू0 नियमों के अंतर्गत परीक्षण करते हुये निस्तारण किया जाय।

**(कार्यवाही–सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी, आई0टी0डी0ए0, सम्बन्धित विभाग)**

7. निरस्त किए गए आर0ओ0डब्ल्यू0 आवेदनों का शुल्क, अगले आवेदन के सापेक्ष उपयोग किये जाने अथवा वापस कर दिए जाने की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने एवं सॉफ्टवेयर में निरस्त किए जाने के विकल्प को ड्रॉप डाउन रूप में रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**(कार्यवाही–आई0टी0डी0ए0, उद्योग विभाग/ई0 एण्ड वाई0)**

8. पी0एम0 वाणी हॉटस्पॉट के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि दूर संचार विभाग द्वारा देहरादून स्मार्ट सिटी के अंतर्गत व अन्य संस्थानों में यह सुविधा शीघ्र उपलब्ध करायी जाय।

**(कार्यवाही–दूरसंचार विभाग, उत्तराखण्ड)**

9. - दूर संचार विभाग द्वारा प्रस्तावित 5G के क्रियान्वयन हेतु राज्य की ओर से आई0टी0डी0ए0 नोडल संस्था नामित किये जाने एवं 5G से सम्बन्धित समस्त कार्यों पर अग्रेत्तर/आवश्यक कार्यवाही आई0टी0डी0ए0 स्तर से सम्पादित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाही–सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी/आई0टी0डी0ए0)**

10. उद्योग विभाग के अंतर्गत Ease of Doing Business हेतु आबद्ध 'ई एण्ड वाई' की टीम द्वारा पी0एम0 गतिशक्ति पोर्टल पर स्ट्रीट फर्नीचर, बिजली के खंबों, सरकारी भवनों व बस स्टॉप आदि की GIS मैपिंग शीघ्र किये जाने एवं 5G के लिये आर0ओ0डब्ल्यू0 आवेदन किये जाने हेतु सम्बंधित पोर्टल को Update किये जाने का निर्णय लिया गया।



Generated from eOffice by SEJAL GROVER, ARO(IT-1)-SG, ASSISTANT REVIEW OFFICER-IT-SEC-1, Information Technology Department on 15/12/2022 03:40 PM

I/83716/2022

**(कार्यवाही—उद्योग विभाग / ई0 एण्ड वाई0)**

11. बी0बी0एन0एल0 द्वारा स्थापित किए जा रहे 175 वी—सेट के रख रखाव व सुरक्षा के संबंध में राजस्व व पंचायती राज विभागों और जिलाधिकारियों को सचिव आई0टी0 द्वारा दिशा—निर्देश निर्गत किये जाय।

**(कार्यवाही—सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी / राजस्व / पंचायती राज / समस्त जिलाधिकारी)**

12. टेलीकॉम कंपनियों की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग द्वारा त्वरित निष्पादन हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाही—सम्बन्धित विभाग)**

अन्त में बैठक में उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक का समापन किया गया।

(शैलेश बगौली)
सचिव

**उत्तराखण्ड शासन**
**सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी अनुभाग—1**
**संख्या— / XXXIV-1 / 2022—17 / 2018 टी0सी0—01**
**देहरादून: दिनांक: दिसम्बर, 2022**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—**

1. अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव, आवास / शहरी विकास / औद्योगिक विकास / लोक निर्माण / ऊर्जा / राजस्व / पंचायती राज / वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. उप महानिदेशक, दूरसंचार विभाग, देहरादून, उत्तराखण्ड।
3. सी0जी0एम0, बी0एस0एन0एल0, उत्तराखण्ड।
4. सी0जी0एम0, बी0बी0एन0एल0, उत्तराखण्ड।
5. निदेशक, आई0टी0डी0ए0, देहरादून को इस आशय प्रेषित कि उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगणों से समन्वय स्थापित करते हुये आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6. समस्त उपस्थित अधिकारीगण।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(रजनीश जैन)
उपसचिव



Generated from eOffice by SEJAL GROVER, ARO(IT-1)-SG, ASSISTANT REVIEW OFFICER-IT-SEC-1, Information Technology Department on 15/12/2022 03:40 PM